भोपाल-जंबूरी मैदान में जनजातीय गौरव दिवस पर, **CM** शिवराज सिंह चौहान का संबोधन... दिनांक 15/11/2021

भारत माता की......जय, बिरसा भगवान की....जय, मंच पर विराजमान हमारे प्रिय प्रधानमंत्री दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता श्रीमान नरेंद्र मोदी जी, हमारे राज्यपाल आदरणीय मंगू भाई पटेल जी, केंद्रीय मंत्रीमंडल के माननीय सदस्य गण आदरणीय नरेंद्र सिंह जी, आदरणीय ज्योतिरादित्य जी, आदरणीय वीरेंद्र कुमार जी, आदरणीय प्रह्लाद जी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद भाई वीडी शर्मा जी, मेरे मंत्रीमंडल के सभी सहयोगी साथी गण, माननीय सांसद गण और यहाँ उपस्थित जहाँ तक मेरी दृष्टि जा रही है दूर-दूर केवल जनसैलाब दिखाई दे रहा है, राजधानी और मध्य प्रदेश आज जनजातीय रंग में रंग गया है, ऐसे मेरे प्रिय बहनों, भाइयों, भांजे-भांजियों आप सब को प्रणाम, आप सबको राम राम |

मैं आज भगवान बिरसा को प्रणाम करते हुए क्योंकि उन्होंने हमारे आदिवासी जनजाति समाज को अंग्रेजों के शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए जबरदस्त संघर्ष किया था, अपने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया था, बिरसा भगवान को प्रणाम, आज प्रधानमंत्री जी को हम धन्यवाद देना चाहते हैं उनका स्वागत करना चाहते हैं, बिरसा भगवान के इस योगदान को प्रणाम करने के लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी ने उनके जन्मदिन को पूरे हिंदुस्तान में जनजातीय गौरव दिवस मनाने के रूप में फैसला किया |

एक जमाना था जब एक पार्टी राज करती थी, उसने एक खानदान के अलावा आजादी की लड़ाई के योगदान का श्रेय और किसी को नहीं दिया | लेकिन प्रधानमंत्री जी भगवान बिरसा का सम्मान संपूर्ण जनजाति समाज का सम्मान है, ऐसे सच्चे सपूतों का जनजातीय योद्धाओं का सचमुच में आपने भारत माता के ऊपर जो कर्ज था, वह कर्ज उतारा है, जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा करके और इस फैसले के लिए एक बार दोनों हाथ ऊपर उठाकर तालियाँ, बजाकर प्रधानमंत्री जी का स्वागत कीजिए, प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन कीजिए |

राजा रघुनाथ शाह, शंकर शाह, टंट्या मामा, भीमा नायक, खज्जा नायक, राजा विभूत सिंह बादल, एक नहीं कितने जनजाति योद्धा थे जिन्होंने सब कुछ न्योछावर किया था देश की आजादी के लिए, यह उनका सम्मान है | आज मैं हृदय से और केवल अपनी ओर से नहीं मध्यप्रदेश की साढ़े 8 करोड़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री जी का स्वागत करना चाहता हूं, इसलिए कि राजधानी भोपाल का केवल नवाबों का इतिहास नहीं था, यहाँ कभी गोंडवाना का राज हुआ करता था |

भोपाल से लेकर गिन्नौरगढ़ ग्राम मंडला सिंहरामपुर यह 52 गढ़ थे, उनमें से एक गढ़ की रानी थी रानी कमलापति | छल से कपट से आया था अफगान से अफगानिस्तान से दोस्त मोहम्मद खान, पहले इस्लामनगर को लूटा, बाद में भोपाल पर कब्जा करने के बाद गिन्नौरगढ़ पर भी उसकी गिद्ध दृष्टि गई, रानी पर भी उसकी बुरी नजर थी, रानी के बेटे नवल शाह वीरता पूर्वक लड़े लेकिन लालघाटी पर शहीद हो गए | जब रानी को यह समाचार मिला, उनको यह लगा कि वह अपने राज का संरक्षण नहीं कर पाएंगी और अपने सम्मान की रक्षा नहीं कर पाएंगी तो रानी ने छोटे तालाब में जल जौहर किया, जल समाधि ले ली | रानी की गाथाएं भोपाल के जन जीवन में हर कोई जानता था, बचपन में हम कहते थे ताल तो भोपाल ताल तलैया, रानी तो कमलापति बाकी सब रनैया | सब ताली बजाकर स्वागत कीजिए, ढोल नगाड़े बजाइए, आनंद का प्रकटी करण कीजिए, चारों तरफ से गूंज हो जाए | प्रधानमंत्री जी आपने रानी का सम्मान बढ़ाया है, आपने जनजाति का सम्मान बढ़ाया है, आपने आदिवासी जनजाति का सम्मान बढ़ाया है, आपने भोपाल और मध्य प्रदेश का सम्मान बढ़ाया है | मैं प्रणाम करता हूं प्रधानमंत्री जी आपको प्रणाम करता हूं | हम इसलिए भी स्वागत करना चाहते हैं प्रधानमंत्री जी क्योंकि वैक्सीन के रूप में, पहले दुनिया वैक्सीन बनाती थी, भारत नहीं बना पाता था, वैक्सीन बनी और वैक्सीन 107 करोड से ज्यादा लोगों को लगी | यह वैक्सीन का डोज नहीं प्रधानमंत्री जी आपने जिंदगी का डोज हमारी जनता को दिया है, फ्री में दिया है | इसलिए दोनों हाथ उठाकर के ताली बजाकर के स्वागत कीजिए, प्रधानमंत्री जी का, अभिनंदन कीजिए प्रधानमंत्री जी का, प्रधानमंत्री जी, हम इसलिए भी आपका स्वागत करना चाहते हैं कि डीजल और पेट्रोल की कीमतें ऐतिहासिक रूप से घटी है | यह किसान छोटे-छोटे मेरे आदिवासी भाई-बहन यह इसलिए भी अभिनंदन करना चाहते हैं कि 1200 डीएपी की बोरी 2400 की हो गई, कंपनियों ने कीमत बढ़ाई लेकिन घटाकर आपने केवल 1200 में दी है | मैं कितना स्वागत करूं, समय की सीमा है, रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई, लिखाई, दवाई और रोजगार का इंतजाम आपने गरीबों का किया है, जनजातीय समाज का किया है | इसलिए एक बार फिर मैं मध्य प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ जनता और इस जनजातीय समाज की ओर से आपका हृदय से स्वागत करता हूं आपका हृदय से अभिनंदन करता हूं | बहनों और भाइयों मे आपका भी स्वागत करता हूं रानी कमलापति भुला दी गई, इतिहास में उचित स्थान न अंग्रेजों ने दिया न कांग्रेस ने दिया, लेकिन धन्य है नरेंद्र मोदी जी आपने हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति रेलवे स्टेशन रखा | खड़े होकर दोनों हाथ ऊपर उठा कर के बहनों और भाइयों मैं आपका भी स्वागत करता हूं, 7-700 किलोमीटर से चले आ रहे हैं, कोई परसों चले और कई जिलों से कल चले और ठहरे, बहनों और भाइयों आपको कोई तकलीफ तो नहीं हुई, ठहरने में सब आनंद के साथ आए हैं |

लेकिन कांग्रेस सवाल उठा रही है जनजातीय सम्मेलन कर रहे हैं पैसे की फिजूलखर्ची है | 2-2 पूर्व मुख्यमंत्री हम पर हमला कर रहे हैं, कोर्ट जा रहे हैं, कुछ लोग जो कहते थे भारतीय जनता पार्टी की सरकार आदिवासी विरोधी है, जनजातीय विरोधी है, अब उनके पेट में दर्द हो रहा है, वह आईफा जैसे आयोजन करके हीरो-हीरोइन पर करोड़ों रुपया खर्चा करते हैं वह फिजूलखर्ची नहीं थी, और हम आदिवासी भाई-बहनों को बुलाकर जन जातीय गौरव दिवस मनाए तो यह फिजूलखर्ची है | बोलिए यह फिजूलखर्ची है क्या ? ....यह सम्मेलन होना चाहिए था कि नहीं.... आप सबका मैं इसमें स्वागत करता हूं | यह केवल सम्मेलन नहीं है, मेरे जनजाति बहनों और भाइयों यह गरीब की, और आदिवासी की जिंदगी बदलने का अभियान है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रारंभ किया है, हमें कहते हैं आदिवासी विरोधी !

आज मैं कह सकता हूं, इस मंच से अगर गरीबों और जनजाति समाज का सबसे बड़ा हितैषी और मसीहा हिंदुस्तान में कोई है तो उसका नाम है श्रीमान नरेंद्र मोदी है, एक नहीं कितनी योजनाएं मैं गिनाउंगा तो रात हो जाएगी, लेकिन आज इन योजनाओं को प्रारंभ करने आए, राशन आपके गांव, दोनों तरफ गाड़ियां खड़ी हैं |

दोनों कोरोना की लहर में अकेले मध्य प्रदेश को 9 हज़ार 857 करोड़ का मुफ्त में अनाज दिया नरेंद्र मोदी जी ने, सब को राशन-फ्री राशन, धन्यवाद मोदी जी एक बार फिर स्वागत, और बाकी नाम मात्र के पैसों में दे रहे हैं | एक अम्मा मुझे मिली उन्होंने मुझे कहा अनाज लेने दूर जाना पड़ता है, 4-4 किलोमीटर, कई बार दुकान बंद रही तो मिल नहीं पाता, क्या ऐसा नहीं हो सकता कि राशन हमारे घर पर हमारे गांव में मिल जाए | तभी राशन आपके गांव योजना बनी, प्रधानमंत्री जी जो राशन देते हैं वह गाड़ियों से गांव-गांव में भेजा जाएगा, गांव-गांव में राशन गरीबों को, जनजाति भाई-बहनों को दिया जाएगा | बोलो ठीक है कि नहीं... और गाड़ी भी सरकारी नहीं होगी, यह गाड़ी भी आदिवासी नौजवान की होगी, बैंक उसे फाइनेंस करेंगे, बैंक गारंटी मांगते हैं, आदिवासी बेटे ने कहा कि मेरे पास तो गारंटी है ही नहीं तो बताओ गारंटी कौन देगा, गारंटी सरकार देगी, मार्जिन मनी भी जमा करवाएगी, राशन आपके द्वार आएगा | केवल इतना ही नहीं, कुछ लोगों के पास पात्रता पर्ची नहीं थी, 37 लाख लोगों को पात्रता पर्ची बनाकर भी दी है, मोदी जी के राज में कोई गरीब भूखा नहीं सोएगा, उनकी जिंदगी अभियान है, मोदी जी आवास दे रहे हैं, प्रधानमंत्री आवास योजना के | कुछ गरीब जनजाति भाई-बहनों ने बताया हमारे पास तो एक ही छोटा सा झोपड़ा है, उसी में पिता, 4 बच्चे और उनकी बहुएं रहती है, रहने की जगह नहीं है, एक योजना और बना दी मुख्यमंत्री भू-आवास अधिकार योजना, जिसमें जिन गरीबों के पास रहने को जमीन नहीं है घर

में कम जगह है, अब ऐसे हर एक परिवार को पति-पत्नी और उसके बच्चों को निशुल्क प्लाट देकर रहने की जमीन का मालिक बनाया जाएगा | कोई आदिवासी जनजाति भाई-बहन जमीन के बिना नहीं रहेगा, प्रधानमंत्री जी आवास दिलवा रहे हैं |

इलाज का सवाल है | मैं कहना चाहता हूं, प्रधानमंत्री हैं नरेंद्र मोदी जी | आयुष्मान भारत योजना-मोदी केयर, मुझे खुशी है कि मध्य प्रदेश में ढाई करोड़ से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बन गए | मेरे आदिवासी भाइयों और बहनों भगवान न करे बीमार होना पड़े, लेकिन बीमार अगर हो गए तो यह मोदी जी 5 लाख रुपए तक का इलाज प्राइवेट अस्पताल में भी फ्री करवाएंगे | सिकल सेल एनीमिया बड़ी बीमारी, मैंने प्रधानमंत्री जी से चर्चा की उन्होंने कहा मंगू भाई से भी मिलो उन्होंने बहुत काम किया है, आज से हम सिकल सेल एनीमिया बीमारी के उन्मूलन के लिए अभियान प्रारंभ कर रहे हैं, ताकि उस रोग की तकलीफों से आपको बचाया जा सके |

शिक्षा के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी एकलव्य विद्यालय खोल रहे हैं | 50 का आज ही शिलान्यास और लोकार्पण है, गांव-गांव आश्रम शालाएं-छात्रावास कांग्रेस ने नहीं दिए थे, कभी दिए थे क्या कांग्रेस ने बताओ ?.... अरे दिए थे क्या ?...,

हम पर आरोप लगाते हैं सड़कें तुमने बनाई नहीं, बिजली भी लेकर आए तो सौभाग्य योजना में, नरेंद्र मोदी जी ने बिजली पहुंचाने का चमत्कार किया है, केवल वह आरोप लगा सकते हैं | अब शिक्षा के लिए काम हो रहा है, मैं कहना चाहता हूं गर्व के साथ JEE मेंस और NEET की परीक्षा में जो कोचिंग बच्चों को दी, आज सैकड़ों की संख्या में हमारे बच्चे डॉक्टर बन रहे हैं, इंजीनियर बन रहे हैं, कई गरीब बच्चे जिन्होंने कहा कि हम फीस नहीं भर सकते तो हमने कहा कि तुम्हारी फीस तुम्हारे मम्मी-पापा नहीं भरवाएंगे, कौन भरवायेगी भारतीय जनता पार्टी की सरकार भरवाएगी बच्चे पढ़े आगे बढ़े | हमने तय किया है यूपीएससी पीएससी परीक्षा में भी जनजातीय बेटा-बेटियों को कोचिंग देने का काम किया जाएगा | पुलिस और आर्मी में भर्ती के लिए भी इन बच्चों को ट्रेन किया जाएगा, रोजगार के लिए सरकारी भर्ती में जितने बैकलॉक के पद हैं सब भरने का अभियान प्रारंभ कर दिया गया है, आज ही कुछ को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे | प्रधानमंत्री रोजगार योजना, स्ट्रीट वेंडर योजना और एक योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी क्रांति योजना हम प्रारंभ कर रहे हैं जिसमें आप अपना व्यवसाय भी शुरू कर सकेंगे, छोटा-मोटा उद्योग भी डाल सकेंगे | एक बात और मेरे जनजाति भाइयों-बहनों पेसा एक्ट बहुत गाली देती थी, कांग्रेस क्या किया तुमने तुम्हारे राज में | अब पेसा कानून चरणबद्ध तरीके से

संपूर्ण मध्यप्रदेश में लागू किया जाएगा | बिना सामाजिक समरसता तोड़े सबको न्याय लेकिन सामाजिक समरसता के साथ ग्रामसभा सशक्त बनाई जाएंगी | वनोपज तेंदूपत्ता बेचना है अगर तो पायलट के रूप में अब वन समितियां बेचेंगे | ग्रामसभा और सशक्त होंगी, कई तरीके के अधिकारों से लैस कर रहे हैं | जितने छोटे-मोटे मामले थे आदिवासी भाइयों-बहनों पर वह सब वापस लेने का हमने फैसला किया है |

मध्यप्रदेश में आबकारी नीति ऐसी बनाई जाएगी जो आप की परंपराओं का पालन करने में सहयोगी हो, और कई के ऊपर जो बड़ा-बड़ा कर्जा था मैं उनकी बात नहीं कर रहा जो नियम अनुसार लाइसेंस लेकर निर्धारित दर पर ब्याज पर पैसा देते हैं, लेकिन कई शोषण कर रहे थे, इसलिए हमने कानून बना दिया जिसने जबरदस्ती जमीन गिरवी रख कर जनजाति भाई-बहनों का शोषण किया, उनका लिया हुआ कर्ज माफ | उनका सामान वापस करवाया जाएगा, उनका सम्मान भी लौटाया जाएगा |

हर गांव में हर ग्रामीण कारीगर आदिवासी बेटा-बेटियों में से ही ट्रेन्ड करके उनको वहां रोजगार दिया जाएगा | गांव-गांव में पीने का पानी, सिंचाई का पानी, झाबुआ में, अलीराजपुर में, धार में, निवाड़ी में, बताओ कांग्रेस ने कभी पानी दिया था क्या ?... भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दिया | मेरी जनजाति बहनों अब ये श्रीमान नरेंद्र मोदी जी ने जल जीवन मिशन बनाया है, अब तुम्हारे घर में हेड पंप का पानी नहीं पाइप लाइन बिछाकर टोंटी वाला नल लगा कर पीने का पानी दिया जाएगा, टोंटी खोलोगी तो झर-झर पानी आएगा, गुंडी और गगरा भर जाएगा, जनता की जिंदगी बदलने का यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रारंभ किया है | हमारी कोशिश है कि उनकी हर योजना को आदर्श तरीके से हम जमीन पर लागू करें, बस इतना ही कहना चाहता हूं | बहनों और भाइयों समय की सीमाएँ जनजातियों के कल्याण में, उनके उत्थान में और आर्थिक सशक्तिकरण में, शैक्षणिक सशक्तिकरण में प्रधानमंत्री जी तो जी जान से जुटे हैं मध्य प्रदेश सरकार भी कसर नहीं छोड़ेगी | बोलिए आप सब को विश्वास है तो एक ही अपील करना चाहता हूं, बिना जनभागीदारी के यह होगा नहीं इसलिए हम सब मिलकर करेंगे | प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन उनके द्वारा चलाई गई योजनाएं, राज्य सरकार की योजनाएं, उनका सहयोग मिलकर चलेंगे और हम आगे बढ़ेंगे और मध्य प्रदेश को भी आगे बढ़ाएंगे | इसके लिए आप सबका साथ चाहिए, बोलिए सब का साथ मिलेगा | तो एक बार मेरे साथ दोनों हाथ ऊपर उठा कर दोनों मुट्ठी बांधकर बोलिए भारत माता की..... जय, बिरसा भगवान की .....जय, हर... हर.... नर्मदे |